प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई- 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai- 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 मार्च 2022

रिज़र्व बैंक ने यूएसडी/आईएनआर विक्रय क्रय स्वैप की घोषणा की

वायदा बही (फॉरवर्ड बुक) की परिपक्वता प्रोफाइल को बढ़ाने और वायदा आस्तियों (फॉरवर्ड एसेट) से संबंधित प्राप्तियों को सुगम बनाने की दृष्टि से, 26 अप्रैल 2022 को 5 बिलियन डॉलर की विक्रय/क्रय स्वैप नीलामी करने का निर्णय लिया गया है। नीलामी एकाधिक मूल्य आधारित होगी, अर्थात्, सफल बोलियों को उनके संबंधित उद्धृत प्रीमियम पर स्वीकार किया जाएगा। नीलामी का विवरण निम्नानुसार है:

स्वैप राशि (यूएसडी बिलियन)	नीलामी की तारीख	नीलामी का समय	निकटतम चरण/स्पॉट तारीख	दूरस्थ चरण की तारीख
5	26 अप्रैल 2022	पूर्वाह्न 10.30-पूर्वाह्न 11.30	28 अप्रैल 2022	23 अक्तूबर 2023

परिचालनात्मक दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण अनुबंध में दिए गए हैं।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1928